हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार 18 अप्रैल 2026

10 धर्मांतरण पर विहिप व बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



11 किसानों के लिए आफत बनकर आई बारिश




# R.E.D. GROUP OF SCHOOLS

CHHUCHHAKWAS | JHAJJAR | CHARKHI DADRI

39 Years of EXCELLENCE IN EDUCATION

## CBSE - 10th CLASS OUTSTANDING RESULTS (2025-26)

*Heartiest Congratulations..!*



99.40 % SARIKA

99.20% AARAV

99% MANSI

99% TANUJ

**Total Students : 258**

100% Result

| | |
|---|---|
| 95% Above | 60 - Students |
| 90% Above | 107 - Students |
| 85% Above | 148 - Students |
| 80% Above | 176 - Students |
| 75% Above | 200 - Students |
| 70% Above | 221 - Students |
| 60% Above | 246 - Students |

SUBJECT WISE HIGHEST MARKS

| ENGLISH | HINDI | MATHS | COMPUTER | S.Sc. | SCIENCE |
|---|---|---|---|---|---|
| 100 | 100 | 100 | 100 | 100 | 98 |

### Above 98% — Total Students 14

AYUSH MALIK 98.8%, JATIN 98.6 %, JAGRITI 98.6 %, MEHAK 98.40%, SAMIKSHA 98.20%, DHANANJAI 98.20%, TANUJ 98.0%, YASHIKA 98.0%, AASHIYA 98.0%, SHUBHANGI 98.0%

### Above 95% — Total Students 60

ANUJ 97.8%, SARTHAK 97.8%, PURVA 97.8%, AKSHAY 97.6%, BHOOMIKA 97.4%, GAURAV 97.4%, KINJAL 97.4%, PRACHI 97.4%, SAKSHAM 97.4%

SANSKAR 97.4%, CHETAN 97.2%, PIYUSH 97.2%, YASH 97.2%, AKSHDA 97.2%, VRITIKA 97.2%, DIKSHA 97.0%, HEMLATA 97.0%, SUBHAM 97.0%, SNEHA 96.8%, PRIYA 96.8%

GARVISHA 96.8%, ANJALI 96.6%, SHIVAM 96.6%, AASHVI 96.6%, RUDER 96.4%, YASHIKA 96.4%, LAKSHAY 96.2%, DAKSHITA 96.2%, URMI 96.2%, LIPSA 96.2%, VANSH 95.8%

SNEHA 95.6%, ISHITA 95.4%, AAKRITI 95.2%, BHAVYA 95.2%, KHUSHBOO 95.2%, PURVI 95.2%, SONAM 95.2%, KANISHKA 95.0%, AYUSH 95.0%, SHEETAL 95.0%

### Above 90% — Total Students 107

HARSHIT 94.8%, DIKSHA 94.6%, YASH 94.6%, DEVASHISH 94.6%, JATIN 94.6%, NANDINI 94.4%, RONAK 94.2%, YANSHI 94.0%, PRAGYA 94.0%, BHAVYA 94.0%, ARYAN 94.0%

AYSHA 93.8%, KUNAL 93.8%, HIMANI 93.8%, KHUSHI 93.8%, SHAURYA 93.8%, SAKSHI 93.6%, ISHU 93.6%, BHUMI NANDAN 93.6%, DAKSH 93.6%, BHRAT 93.4%, TANNU 93.4%, BHAVESH 93.4%, ISHIKA 93.4%, ISHIKA (J) 93.4%

HIMANSHU 93.2%, RONAK 93.0%, PRINCE 93.0%, RITESH 93.0%, CHANCHAL 92.8%, HARSHIT 92.8%, ANUSHKA 92.8%, NITIN 92.8%, AMARJEET 92.4%, TANVI 92.2%, ANJALI 92.2%, HARSHIT 92.2%, KARUNA 92.0%, MANSAVI 91.6%

JATIN 91.0%, KUNAL 91.0%, HARVINDER 90.8%, SAMRIDHI 90.6%, HITESH 90.4%, MANSI 90.4%, HIREN 90.2%, VANSHIKA 90.2%, DEVANSHI 90.0%, RHYTHM 89.8%, NAMAN 89.8%, NITIN 89.8%, TAPASYA 89.6%, HARSHAD 89.6%

ADMISSION OPEN (Session 2026-27)

www.redschools.org Contact us : 9992114101 (Chhuchhakwas) 9992600417 (Jhajjar), 9992113926 (Dadri)

SPECIAL CLASSES FOR : IIT-JEE · NEET · NDA · C.A. / C.S. · CLAT · CUET · VVM

Hostel Facilities for Boys only at Chhuchhakwas Branch

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क यूरोलॉजी जांच शिविर कल

**बहादुरगढ़।** शहर के दिल्ली हॉस्पिटल एवं नर्सिंग होम में रविवार 19 अप्रैल को निःशुल्क यूरोलॉजी जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉ. नीतीश पारिक द्वारा मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा। शिविर में किडनी, पेशाब, प्रोस्टेट व पुरुष स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की निःशुल्क जांच की जाएगी।

### मुकंदपुर में नशे के प्रति किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** गांव मुकुंदपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में नशा मुक्ति अभियान के तहत जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। डीएलएसए की तरफ से नीता, सोसाइटी फॉर आल अराउंड ह्यूमन डेवलपमेंट के नशा मुक्ति केंद्र के संचालक छोटूराम व परामर्शदाता प्रदीप आदि कैंप में मौजूद रहे। उन्होंने नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया। सामाजिक सेवाओं की जानकारी दी। लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। मुफ्त इलाज के बारे में बताया।

### कोचिंग सेंटर में योग प्राणायाम गोष्ठी आयोजित

**बहादुरगढ़।** शहर के रेलवे रोड स्थित एक कोचिंग सेंटर में योग प्रशिक्षक विक्रांत छिल्लर ने निशुल्क योग प्राणायाम गोष्ठी का आयोजन किया। डायरेक्टर जगबीर सिंह की अध्यक्षता में विक्रांत छिल्लर ने विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाया। अष्टांग योग, प्रकृति संरक्षण, जल बचाओ, प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने, नशाखोरी व राष्ट्रभक्ति के लिए प्रेरित किया। सत्येंद्र दहिया ने कहा कि युवा योग को सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इस अवसर पर शिक्षाविद अनीता, प्रीति व विजेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

परीक्षा परिणाम के बाद तनाव से बचने की दी सलाह

# हर परिणाम नई शुरुआत, विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें

***तनाव में विद्यार्थियों को नींद न आने, सिर या पेट दर्द, चिड़चिड़ापन आदि लक्षण दिखाई देते हैं, उनका हौसला बढ़ाएं और जरूरत होने पर साइकोलॉजिस्ट से मिलें***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई छात्र-छात्राएं तनाव और चिंता का सामना करते हैं। ऐसे में शिक्षकों और विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने और धैर्य बनाए रखने की सलाह दी है। काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट हीना गुगनानी के अनुसार परीक्षा के बाद परिणाम का तनाव होना भी सामान्य बात है। विद्यार्थियों का यह समझना बहुत जरूरी है कि परीक्षा का परिणाम आपकी योग्यता का एक छोटा सा हिस्सा है, न कि पूरी जिंदगी का हासिल।



परामर्श मनोवैज्ञानिक हीना गुगनानी का कहना है कि परीक्षा का परिणाम जीवन का अंतिम सत्य नहीं होता, बल्कि यह केवल एक पड़ाव है। अच्छे अंक आने पर जहां संयम बनाए रखना जरूरी है, वहीं अपेक्षा से कम अंक आने पर निराश होने की बजाय आगे की योजना बनानी चाहिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के बाद परिणाम को लेकर नींद नहीं आती, सिरदर्द या पेट में दर्द जैसी शारीरिक समस्याएं होती हैं, अनावश्यक चिंता और बेचैनी होने लगती है। चिड़चिड़ापन और छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आता है। हमेशा बुरा होने का डर सताना भी तनाव का एक लक्षण है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपनी तुलना दूसरों से न करें और अपनी क्षमताओं को पहचानते हुए आगे बढ़ें। परीक्षा परिणाम के तनाव से निपटने के लिए तुलना करने से बचें, खुद को व्यस्त रखें, सकारात्मक सोच रखें, शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें, चिंताओं को साझा करें। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव न डालें और उनका मनोबल बढ़ाएं।

अन्य बच्चों से तुलना करने की बजाय अपने बच्चों को भविष्य के विकल्पों के बारे में बताएं। बच्चों को विश्वास दिलाएं कि परिणाम से ज्यादा वे महत्वपूर्ण हैं। अंकों तथा प्रतिशत आदि के बारे में बातचीत ना करें। मनोवैज्ञानिक हीना के अनुसार परीणाम को लेकर अच्छे से विश्लेषण करें। खुद को दोष न दें, विकल्पों पर विचार करें और जरूरत समझें तो काउंसलिंग लें। तनाव से बचने के लिए नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और हल्की-फुल्की गतिविधियों को अपनाना जरूरी है। इसके साथ ही दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करने से भी मन हल्का होता है। उन्होंने कहा कि हर परिणाम एक नई शुरुआत का अवसर होता है, इसलिए विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ें।




बहादुरगढ़। पदक विजेता खिलाड़ियों के साथ विशाल चतुर्भुज। फोटो : हरिभूमि

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में छाए झज्जर के 7 खिलाड़ी

**बहादुरगढ़।** गुरुग्राम के सेंट माइकल स्कूल में हुए संत माइकल कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लगभग 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया। एनआईएस कोच (ताइक्वांडो) विशाल चतुर्भुज ने बताया कि चैंपियनशिप में फिट हरियाणा अकादमी के 7 बच्चों ने अपना दमखम दिखाते हुए 4 स्वर्ण पदक और 2 रजत पदक जीते। लड़कियों के अंडर-20 किलो भारवर्ग में सानवी, अंडर-38 किलो भारवर्ग में इलाक्षी, अंडर-35 किलो भारवर्ग में निधि और अंडर-63 किलो भारवर्ग में तान्या ने स्वर्ण पदक हासिल किए। तान्या को 5100 रुपए के नगद पुरस्कार से नवाजा गया।

## स्वयंसेवकों ने चलाया सफाई अभियान

**छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में लगाया एनएसएस शिविर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

छारा के चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को योगाभ्यास भी करवाया गया।



बहादुरगढ़। कैंप में योगाभ्यास करते छारा कॉलेज के विद्यार्थी।

प्राचार्या डॉ. सविता पुनिया के दिशा-निर्देशन में लगे शिविर में विद्यार्थियों को स्वच्छता, अनुशासन एवं सामाजिक जिम्मेदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. ललिता ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह एक जिम्मेदार नागरिक की पहचान भी है।

विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कैंपस की सफाई की और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस दौरान उन्हें कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के उपयोग को कम करने तथा स्वच्छ आदतों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इसके अलावा योग सत्र में विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। स्टाफ सदस्यों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



बहादुरगढ़। कार्यशाला में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जानकारी देते विशेषज्ञ।

### बादली में जनगणना को लेकर हुई गहन प्रशिक्षण कार्यशाला

**बहादुरगढ़।** बादली के राजकीय महाविद्यालय में जनगणना के कार्यों को सुचारू और त्रुटिहीन तरीके से संपन्न करने के लिए तीन दिवसीय महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें फील्ड ट्रेनिंग अधिकारियों द्वारा प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना की बारीकियों और डेटा संग्रह की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण सत्र में सहायक प्रोफेसर डॉ. रविंद्र, डॉ. रमेश, डॉ. मंजीत व विकास आदि ने डिजिटल और मैन्युअल डेटा प्रविष्टि के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रशिक्षकों ने मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा एकत्र करने, घर-घर जाकर जानकारी जुटाने के दौरान आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों और नागरिकों के साथ संवाद के सही तरीकों पर जोर दिया।

## छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस, महिला प्रकोष्ठ एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्राओं को अधिनियम के प्रावधानों एवं इसके महत्व की जानकारी देते हुए बताया गया कि इस अधिनियम के लागू होने के बाद नई जनगणना के पश्चात लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी और वर्ष 1996 से विभिन्न चरणों और प्रक्रियाओं से गुजरने के बाद यह अधिनियम साकार हो पाया है। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है और महिलाओं को अब नेतृत्व के अवसर प्राप्त होंगे।



झज्जर। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्राएं एवं महाविद्यालय स्टाफ सदस्य।

जनसंचारप्राध्यापक डॉ. कविता ने कहा कि महिलाओं को अपने मुद्दों के समाधान के लिए राजनीतिक नेतृत्व में सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बेटियों ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है तथा राजनीति के क्षेत्र में भी महिलाएं श्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्लोगन लिखे और रैली निकाली।

### आग की भेंट चढ़ी फसलों का मुआवजा दे सरकार

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूपसिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी ने कहा कि आग की चपेट में आने से आसौदा, दुल्हेड़ा व खेड़का गावों के किसानों की फसल जलकर नष्ट हो गई। हर वर्ष प्रदेश में सैकड़ों एकड़ फसलें कई कारणों से आग की भेंट चढ़ने से नष्ट हो जाती हैं। कठोर शर्तों के कारण बीमा कंपनियां आग से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा नहीं देती तथा हरियाणा सरकार भी कोई क्षतिपूर्ति नहीं करती। फसल बर्बाद होने के बाद उनके पास आमदनी का कोई जरिया नहीं बचता है और वे कर्ज के बोझ तले दब जाते हैं। संगठन ने हरियाणा सरकार से पीड़ित किसानों को कम से कम 60 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग दोहराई है।



झज्जर। मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए सीटीएम रितु बंसीवाल।

### उपचुनाव के लिए सीटीएम ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

**झज्जर।** आगामी दस मई को होने वाले नगर परिषद वार्ड-13 के उपचुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को सीटीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी रितु बंसीवाल ने शहीद रमेश कुमार राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए मतदान केंद्र का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाओं, बिजली, पानी, सुरक्षा व्यवस्था और मतदाताओं की सुविधा से जुड़े प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की। सीटीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जरूरी प्रबंध सुनिश्चित करने की बात दोहराई। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि नगर परिषद वार्ड 13 के लिए उपचुनाव 10 मई को होगा। मतगणना का कार्य आयोग की हिदायतों के अनुसार 13 मई को होगा।



झज्जर। डीसी को ज्ञापन देते बजरंग दल व विहिप कार्यकर्ता।

## विहिप व बजरंग दल ने धर्मांतरण पर नए कानून बनाने की मांग की

**झज्जर।** जेहादी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नए कानून बनाने की मांग को लेकर बजरंग दल और विहिप के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को ज्ञापन सौंपा। डीसी को दिए ज्ञापन में बताया कि देश के सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वाली विकृत जेहादी मानसिकता वर्तमान में राष्ट्र की आंतरिक सुरक्षा और सद्भाव के लिए एक बड़ा खतरा बन गई है। देश भर से आये विभिन्न मामलों में पुरुषों के साथ महिलाएं भी इस विकृत जेहादी कार्यों में सम्मलित पाई गईं। उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांगें ऐसी राष्ट्र विरोधी और आपराधिक मानसिकता वाले तत्वों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध त्वरित एवं कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर हुए सभी अवैध कब्जों को तत्काल हटाया जाए। लव जेहाद और जबरन धर्मांतरण जैसे कृत्यों को रोकने के लिए कठोर केंद्रीय कानून लागू किया जाए। इस अवसर पर बजरंग दल जिला पालक रामानंद, बजरंग दल जिला सह संयोजक मनीष, विश्व हिन्दू परिषद जिला संरक्षक जगदीश ऐलावाधी, जिला मंत्री हरज्ञान, जिला सह मंत्री रणबीर, नगर संयोजक उमेश, गौरक्षक दीपक व प्रचार एवं प्रसार जिला प्रमुख पंकज सहित अन्य भी मौजूद रहे।




झज्जर। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए एडीसी जगनिवास।

### डेंगू रोकथाम को लेकर प्रभावी कदम उठाए स्वास्थ्य विभाग : एडीसी

**झज्जर।** एडीसी जगनिवास ने कहा कि आगामी 21 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। जिसके तहत जिले भर में 1 से 19 वर्ष तक के लगभग तीन लाख से अधिक बच्चों एवं किशोर-किशोरियों को पेट के कीड़ों से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। जो बच्चे इस दिन छूट जाएंगे, उन्हें पांच मई को मॉप-अप दिवस पर दवा दी जाएगी। यह दवा सरकारी व निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में दी जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों के सहयोग से कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन सुनिश्चित किया जाए। यह स्वास्थ्य से जुड़े विषय है, इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## ब्यूटी ऑफ मैथ विषय पर काजल ने बनाया बेस्ट पोस्टर

***राजकीय महाविद्यालय में हुई विभिन्न स्पर्धाएं***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय गणित विभाग की मैथोहोलिक सोसायटी द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्राचार्य दलबीर सिंह के मार्गदर्शन में सुडोकू, गणित पिक्शनरी तथा पोस्टर मेकिंग आदि गतिविधियां हुईं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उप-प्राचार्या सुमन हुड्डा ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में गणित की उपयोगिता के बारे में बताया।

गणित विभाग के एचओडी डॉ. मुकेश दलाल ने विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों के बारे में प्रेरित किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनुराधा सभरवाल द्वारा किया गया। गणित पिक्शनरी में 7 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में 2 विद्यार्थी थे। इस प्रतियोगिता में टीम के एक सदस्य को बोर्ड पर चित्र बनाकर अपने साथी को सही उत्तर समझाना था।



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते प्रिंसिपल दलबीर सिंह व अन्य।

इस प्रतियोगिता में इशिता-अम्बिका तथा योगेश-यशमीत की टीमें प्रथम स्थान पर रहीं। द्वितीय स्थान पर शुभम-कनिष्का रहे तथा तृतीय स्थान पर काजल-लविशा रहे। प्रतियोगिता के आयोजन में छात्रा दिव्या ने अहम भूमिका निभाई। ब्यूटी ऑफ मैथ विषय पर हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में काजल ने प्रथम स्थान, योगेश तथा रिंशु चौहान ने द्वितीय तथा साब्रीन व रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सुडोकू प्रतियोगिता में कनिष्का मान ने बाजी मारी तथा अंजली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

डॉ. मोनिका, डॉ. आकांक्षा व डॉ. संजीव कुमार द्वारा प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया गया। इस अवसर पर रोहित, डॉ राकेश, डॉ सोनिया व पिंकी आदि उपस्थित रहे। डॉ. अनुराधा सभरवाल ने निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों, स्टाफ सदस्यों व सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद किया।

## खबर संक्षेप



### डीएच लॉरेंस स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**झज्जर।** डीएच लॉरेंस स्कूल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। छात्र अंकुश ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम और उदित एवं कुनाल ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। संस्थान सदस्य अशोक, नरेश, प्रदीप व निर्मल ने होनहार विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### मॉडर्न स्कूल में भूमिका 96.5% अंक लेकर रही प्रथम

**बहादुरगढ़।** शहर के मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने 10वीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्कूल का परीक्षा परिणाम इस साल भी शत-प्रतिशत रहा। छात्रा भूमिका कुमारी ने 96.5 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, प्रियांशी ने 91.2 फीसद अंक लेकर दूसरा, पायल ने 90.2 के साथ तीसरा और तुलसी ने 90 प्रतिशत अंक लेकर चौथा स्थान हासिल किया। स्कूल निदेशक डॉ. राकेश सांगवान ने कहा कि मेधावी छात्रों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत, लगन एवं अनुशासन का परिचय दिया। विद्यालय की ओर से टॉप करने वाले विद्यार्थियों को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। उर्मिला सांगवान ने कहा कि विद्यार्थियों की इस सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के सहयोग को जाता है। प्रधानाचार्या मोना सिक्का ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत और शिक्षकों की समर्पित शिक्षा का प्रमाण है।



### पीडीएम की दीप्ति व वंशिका के आए 98.8% अंक

**बहादुरगढ़।** हर साल की तरफ इस बार भी पीडीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष भी स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बोर्ड परीक्षा में दीप्ति और वंशिका ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। स्नेह ने 96.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और धारिका ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य विद्यार्थियों ने भी 90 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा पास कर विद्यालय की उपलब्धि में योगदान दिया। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ. सुमन हुड्डा ने मेधावी छात्रों व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया।



### विधायक ने किया बेरी अनाज मंडी का दौरा

**झज्जर।** शुक्रवार को विधायक डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान ने बेरी अनाज मंडी का दौरा करते हुए खरीद व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने आढ़तियों और किसानों की समस्याएं भी सुनी। आढ़तियों और किसानों ने पोर्टल बंद होने, उठान कार्य धीमी गति से होने की समस्या बताई। जिसपर कार्रवाई करते हुए उन्होंने खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। विधायक डॉक्टर रघुबीर सिंह कादियान ने कहा कि बायोमैट्रिक और गेट पास जैसे तुगलकी फरमान के कारण किसानों को अपनी फसल बेचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### कुतुबगढ़ गोशाला का दौरा कर विद्यार्थियों ने जानी व्यवस्था

**बहादुरगढ़।** लडरावण के श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने कौशल-आधारित शिक्षा एवं शिक्षण के अंतर्गत कुतुबगढ़ गांव में प्रशिक्षण प्राप्त किया। छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने कुतुबगढ़ गांव की गोशाला का दौरा किया। गोशाला संचालक ने छात्रों को पशुओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही पशुओं के रखरखाव, उनके चारे-पानी और स्वास्थ्य की सही देखभाल के बारे में भी विस्तार से बताया। गुरुजी ने बीमार गायों को उचित स्थान तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस के दूरभाष नंबर भी साझा किए। उन्होंने विद्यार्थियों को पशुओं के बेहतर रखरखाव के लिए दान करने के लिए भी प्रेरित किया। छात्रों को बागवानी क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पेड़-पौधों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने वहां स्वयं पौधे भी लगाए।



### राजकीय स्कूल के विद्यार्थियों का स्वास्थ्य जांचा

**बहादुरगढ़।** नूना माजरा स्थित महाराजा अग्रसेन सतनारायण गुप्ता अस्पताल द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा सैकड़ों विद्यार्थियों, शिक्षकों व अन्य स्टाफ सदस्यों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। प्राचार्य मंजू रानी व शिक्षकों ने अस्पताल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

## खबर संक्षेप

### फंदे पर लटका युवक, दो दिन बाद पता चला, पत्नी गई हुई थी मायके

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के विकास नगर में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान करीब 37 वर्षीय रोहित के रूप में हुई है। मामला विकास नगर की गली नंबर दो का है। बताया जा रहा है कि शव दो-तीन दिन से फंदे पर लटका हुआ था। डिकंपोज हालत में शव अस्पताल में पहुंचा। वीरवार की रात को सूचना मिलने पर लाइनपार थाना पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। प्रारंभिक तौर पर सामने आया है कि रोहित की पत्नी फिलहाल मायके गई हुई थी। वह अकेला ही रह रहा था। हालांकि साथ ही उसके भाई का मकान है। वीरवार की शाम को जब दुर्गंध आने व गेट खुला रहने पर शंका हुई तो लोग उसके मकान में गए, तब मामला सामने आया। उधर, पुलिस ने झज्जर के नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करा दिया। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। फंदा लगाने की वजह स्पष्ट नहीं है।

### पंजाबी धर्मशाला में मेगा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप एवं रक्तदान शिविर कल

**झज्जर।** स्वास्थ्य सेवाओं को आम जनमानस तक सुलभ बनाने के उद्देश्य से रविवार को स्थानीय पंजाबी धर्मशाला में एक विशाल मेगा फ्री हेल्थ चेक-अप कैंप एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह परोपकारी पहल जनमंच पत्रकार सोसाइटी और संस्कारम एजुकेशनल ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। इस पुनीत कार्य में पंजाबी सेवा सभा समिति, झंग बिरादरी महासभा, भारत विकास परिषद (झज्जर शाखा) और श्री सत जिंदा कल्याण सेवा समिति का विशेष सहयोग रहेगा। यह शिविर सुबह दस बजे से शुरू होगा, जहां संस्कारम हास्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के विशेषज्ञ चिकित्सक एक ही छत के नीचे अपनी सेवाएं देंगे। शिविर की सबसे बड़ी विशेषता गर्भवती महिलाओं के लिए प्रदान की जाने वाली निःशुल्क नार्मल और सिजेरियन डिलीवरी की सुविधा है।

### अवैध हथियार सप्लाई के आरोप में एक गिरफ्तार

**झज्जर।** स्पेशल स्टाफ की एक टीम द्वारा अवैध हथियार सप्लाई करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। स्पेशल स्टाफ प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम ने 15 अप्रैल को थाना माछरौली के एरिया से एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ पकड़ा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए मुख्य सिपाही अमित कुमार की पुलिस टीम ने जांच की तो पता चला कि यह अवैध हथियार उसने अनूप निवासी गुरावड़ा जिला रेवाड़ी से लिया है। स्पेशल स्टाफ टीम द्वारा कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### मजदूरों के समर्थन में एआईयूटीयूसी ने भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया यूनाईटेड ट्रेड यूनियन सेंटर की अखिल भारतीय कमेटी के आह्वान पर मानेसर, गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल व नोएडा समेत अन्य औद्योगिक मजदूरों की मांगों के समर्थन तथा पुलिस प्रशासन द्वारा मजदूरों पर अत्याचार के खिलाफ पीड़ित मजदूरों के समर्थन में भाईचारा दिवस मनाया। एआईयूटीयूसी के जिला सचिव सतीश कुमार तथा प्रदेश सचिव कामरेड हरिप्रकाश के अनुसार राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर अनुरोध किया गया है कि वे राज्य सरकारों के साथ-साथ केंद्र सरकार पर भी दबाव डालें कि वे मजदूरों पर सरकार की बर्बरता को रोकें। मजदूरों की सभी जायज मांगों को तुरंत पूरा करें। सभी गिरफ्तार और हिरासत में लिए मजदूरों को तुरंत रिहा करें। सभी घायलों का इलाज और पूरा मुआवजा दें। मजदूर वेतन वृद्धि आदि मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

### मंडियों में जलभराव के कारण बोरियां हुईं गीली, आंधी से जनजीवन प्रभावित

# किसानों के लिए आफत बनकर आई बारिश खेत से लेकर अनाज मंडी तक भीगा गेहूं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शुक्रवार को एक बार फिर हुई बेमौसमी बरसात ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेत से लेकर अनाज मंडी तक किसानों को काफी परेशानी हुई। बरसात के कारण जहां खेतों में पककर तैयार और काटकर रखी हुई फसल को नुकसान हुआ, वहीं अनाज मंडी परिसर में हुए जलभराव के कारण भी किसानों और आढ़तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। आढ़तियों ने कहा कि जलभराव के कारण गेहूं की बोरियों में नमी की मात्रा बढ़ने से फसल बिक्री में काफी दिक्कत होगी। किसान कृष्ण गुलिया ने बताया कि कंबाइन मशीन नहीं मिलने के कारण उनकी छह एकड़ में फसल खड़ी है। बरसात के कारण काफी नुकसान हुआ है। वहीं, एक अन्य किसान रविंद्र ने बताया कि फसल तो काट ली गई है, लेकिन खेतों में रखा तूड़ा नहीं उठाया है। अब तूड़े के सूखने का इंतजार करना पड़ेगा। उधर, दिन के बारिश के साथ आई तेज आंधी ने जनजीवन प्रभावित कर दिया। शहर में जहां घरों की छतों पर रखा सामान आंधी में उड़ गया, वहीं दुकानदारों को भी काफी परेशानी हुई। विभागीय आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार सुबह आठ बजे से सायं आठ बजे तक झज्जर में दो एमएम, बेरी में सात एमएम, साल्हावास में एक एमएम, बादली में एक एमएम, मातनहेल में 1.5 एमएम और बहारदुगढ़ में एक एमएम बारिश दर्ज की गई।


**झज्जर।** अनाज मंडी परिसर में बरसात के कारण भीगा अनाज।

### सिलोठी में तीन एकड़ खेत में लगी आग

**बहादुरगढ़।** गांव सिलोठी के खेतों में शुक्रवार की दोपहर को आग लग गई। करीब दो एकड़ ईख की फसल तथा एक एकड़ फांस जल गए। आग लगती देख किसान तुरंत बचाव के लिए दौड़। दमकल विभाग की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। समय रहते आग गेहूं की फसल तक पहुंचने से पहले रोक ली गई। यह घटना पंकज के खेतों में हुई है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है।

### 1.83 लाख मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी

डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि जिले की मंडियों और खरीद केंद्रों में अब तक एक लाख 83 हजार 523 मीट्रिक टन गेहूं की आवक दर्ज की गई है, जबकि एक लाख 907 मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि झज्जर अनाज मंडी में 57 हजार 800 मीट्रिक टन, बादली में 13 हजार 875 मीट्रिक टन, ढाकला में 13 हजार 68 मीट्रिक टन, बेरी में 32 हजार 612 मीट्रिक टन, मातनहेल में 29 हजार 515 मीट्रिक टन, माजरा डी खरीद केंद्र पर 12 हजार 781 मीट्रिक टन, छारा में 12 हजार 749 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 207 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 9 हजार 916 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। जबकि झज्जर मंडी में 29 हजार 157 मीट्रिक टन, बादली में 6 हजार 252 मीट्रिक टन, ढाकला में 5 हजार 748 मीट्रिक टन, बेरी में 17 हजार 472 मीट्रिक टन, मातनहेल में 18 हजार 746 मीट्रिक टन, माजरा डी में 9 हजार 455 मीट्रिक टन, छारा में 6 हजार 413 मीट्रिक टन, बहादुरगढ़ में 1 हजार 76 मीट्रिक टन तथा आसौदा में 6 हजार 588 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की गई है।

### बढ़ते तापमान के बीच अचानक हुई बूंदाबांदी

**बहादुरगढ़।** बीते कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ़ रहा है। दोपहर ही नहीं बल्कि रात के वक्त भी तीखी गर्मी महसूस हो रही है। शुक्रवार को भी तेज धूप के चलते काफी गर्मी रही, लेकिन दोपहर को एकाएक मौसम बदल गया। आसमान में बादल छाए और करीब तीन बजे बूंदाबांदी शुरू हो गई। कुछ मिनट बरसने के बाद बरसात तो थम गई लेकिन इसके बाद आसमान में बादल छाए रहे। हालांकि इससे पहले दोपहर को अधिकतम तापमान 38 डिग्री पहुंच गया था, लेकिन शाम को मौसम का मिजाज बदला हुआ रहा। आगामी दिनों में तापमान और तेजी से बढ़ेगा। दूसरी तरफ गर्मी के कारण लोगों की दिनचर्या बदल गई है। लोगों ने एसी, कूलर चलाने शुरू कर दिए हैं। वहीं, बिजली के कट भी परेशानी बढ़ाने लगे हैं।

### निर्माणाधीन फैक्ट्री की छत से गिरकर प्रवासी युवक की मौत

**बहादुरगढ़।** रोहद में एक निर्माणधीन फैक्ट्री से गिरकर प्रवासी युवक की मौत हो गई। आसौदा थाना पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। परिजनों के बयान के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय हशमत खान के रूप में हुई है। मूलतः उत्तर प्रदेश के बरेली का रहने वाला था और पेशे से कारपेंटर था। यहां हरियाणा में रोजगार के लिए आया हुआ था। जानकारी के मुताबिक, इन दिनों रोहद में स्थित निर्माणधीन फैक्ट्री में काम कर रहा था। शुक्रवार की सुबह वह साइट पर आया। सीढ़ी लगाकर चढ़ रहा था। इसी दौरान वह दूसरी मंजिल से गिर गया। उसे गंभीर चोट आई। साथी श्रमिक नागरिक अस्पताल में लेकर आए तो मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची।

### फैक्ट्री से किशोर को मुक्त कराया, मालिक व मैनेजर पर केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** बाल श्रम के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान मुस्कान के तहत लाइनपार क्षेत्र में संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए एक जूता फैक्ट्री से किशोर का रेस्क्यू किया। इस संबंध में फैक्ट्री मालिक व मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दरअसल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झज्जर के निर्देश पर पैनल पैरा लीगल वॉलंटियर कर्मजीत के नेतृत्व में टीम ने छोटूराम नगर स्थित फैक्ट्री में छापेमारी की। जांच के दौरान 17 वर्षीय लड़का काम करते मिला। टीम ने पूछताछ की तो किशोर ने बताया कि उससे सुबह 9 बजे से रात साढ़े आठ बजे तक काम कराया जाता है और बदले में उसे 6 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं। इस दौरान एएसआई संदीप, एचसी पवन, लेबर इंस्पेक्टर सुनीता, सुनीता, संदीप जांगड़ा मौजूद रहे।

### नीट-यूजी परीक्षा के लिए बनाए आठ परीक्षा केंद्र, 2300 लेंगे भाग

**झज्जर।** आगामी तीन मई को होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए शुक्रवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्या मीता अधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डीसी ने निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं, जिससे परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो। उन्होंने बताया कि एनटीए द्वारा आगामी तीन मई को आयोजित होने वाली नीट-यूजी परीक्षा के लिए जिले में आठ परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। जिनमें 23 सौ परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना अनिवार्य है। जबकि परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से स्कूटी सवार युवती घायल

**बहादुरगढ़।** रेलवे रोड पर केनरा बैंक के पास बाइक और स्कूटी की टक्कर हो गई। हादसे में स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। उसे काफी चोट आई और इस दौरान उसका मोबाइल भी गायब हो गया। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दे दी है। उसकी शिकायत पर लाइनपार थाना पुलिस ने आरोपी बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में शंकर गार्डन निवासी प्रीति का कहना है कि वह स्कूटी पर सवार होकर घर जा रही थी। जब रेलवे रोड पर केनरा बैंक के पास पहुंची तो सामने से गलत दिशा में एक बाइक आई और मेरी स्कूटी में टकरा गई। हादसे में मुझे काफी चोट आई और मेरा मोबाइल भी खो गया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है।

### शिविर में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय में करें दूर : डीसी

**झज्जर।** आमजन से जुड़ी प्रत्येक समस्या का समयबद्ध निपटान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। ऐसे में अधिकारी जनसमस्याओं का तत्परता से निपटारा करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने शुक्रवार को समाधान शिविर की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि जिले में आयोजित हो रहे समाधान शिविरों में अभी तक कुल 5872 शिकायत प्राप्त हुई हैं इनमें से केवल 192 पेंडिंग हैं। पेंडिंग शिकायतों का निवारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि वे समाधान शिविर, सीएम विंडो, जनसंवाद आदि माध्यमों से प्राप्त सभी शिकायतों की रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि अपडेट प्राप्त हो सके।

### पुलिस ने लौटाया रुपयों से भरा पर्स



**बहादुरगढ़।** शहर में शुक्रवार को पुलिस की संवेदनशीलता की मिसाल देखने को मिली। ड्यूटी के दौरान सड़क पर मिला रुपये और जरूरी दस्तावेजों से भरा पर्स न केवल सुरक्षित रखा गया, बल्कि उसके असली मालिक तक पहुंचाकर पुलिसकर्मियों ने अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का परिचय दिया। दरअसल, ट्रैफिक थाने में तैनात एसआई सतपाल जून व कांस्टेबल बिजेंद्र कुमार शुक्रवार की सुबह रोहतक-दिल्ली रोड स्थित ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो स्टेशन के नीचे ड्यूटी पर थे। इसी दौरान सतपाल जून को सड़क पर एक पर्स मिला। पर्स को चेक करने पर उसमें काफी रुपये और डेबिट कार्ड, डीएल, आरसी और अन्य दस्तावेज थे। इसके बाद एसआई सतपाल ने लाइसेंस के जरिए मोबाइल नंबर निकाला। बात होने पर पता चला कि पर्स मनीष का था। मनीष को वहां बुलाकर उसका पर्स सौंप दिया गया। मनीष ने बताया कि वह सुबह ड्यूटी पर जाते समय पर्स गिरा बैठा था। पर्स में जरूरी दस्तावेज और रुपये होने के कारण वह काफी परेशान था। उसे पर्स मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन ट्रैफिक पुलिस की सतर्कता और ईमानदारी के चलते उसका पर्स सुरक्षित वापस मिल गया।

# आंबेडकर स्टेडियम में बॉक्सिंग रिंग या बैडमिंटन कोर्ट बनवाने की मांग

- आंबेडकर स्टेडियम से हटाए गए थे कब्जे, अब उस जगह पर सुविधा देने की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बादली रोड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठ रही है। बीते दिनों कब्जा मुक्त कराई गई स्टेडियम की जमीन पर बैडमिंटन, वॉलीबाल कोर्ट व बॉक्सिंग के दो रिंग बनाने की लोगों ने मांग की है। प्रदीप कुमार, राहुल, विनोद कुमार, सतपाल, भूषण, राज कुमार, विकास, बलजीत आदि का कहना है कि बहादुरगढ़ इलाके में खेल प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन उनके सामने आगे बढ़ने के रास्ते कम हैं। यहां खेल विभाग का स्टेडियम तो है, लेकिन उसमें संसाधनों का घोर अभाव है। दौड़ने के लिए ट्रैक तक ठीक नहीं है। न ही बेहतर शौचालय है और सुरक्षा का भी अभाव रहता है। स्टेडियम की काफी जमीन पर अतिक्रमण भी है। हालांकि कुछ समय पहले एसडीएम अभिनव सिचाव द्वारा संज्ञान लेने पर कुछ जमीन अतिक्रमण मुक्त कराई गई। उस जमीन पर बैडमिंटन, वॉलीबाल कोर्ट या बॉक्सिंग रिंग बना दिए जाएं तो खिलाड़ियों को काफी लाभ हो। इसके अलावा अन्य सुविधाओं की भी दरकार है। करीब 72 वर्षीय बुजुर्ग बलजीत सिंह दलाल दोपहर के वक्त रोजाना कई-कई घंटे पानी का छिड़काव करते हैं और सफाई पर जोर देते हैं ताकि अभ्यास के दौरान बच्चों को धूल मिट्टी की वजह से कठिनाई न हो। बलजीत दलाल ने कहा कि क्षेत्र में बेहद प्रतिभाएं हैं, उन्हें निखारने के लिए प्रशासनिक स्तर पर प्रयास करने की जरूरत है।

### पूरे प्रदेश से विद्यार्थियों ने टेस्ट के लिए करवाया है पंजीकरण

# संस्कारम विश्वविद्यालय में स्कॉलरशिप टेस्ट कल, मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगी मुफ्त शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय पाटौदा में रविवार को स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हरियाणा सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विद्यार्थी भाग लेंगे। यह परीक्षा मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। विश्वविद्यालय में फार्मेसी, फिजियोथैरेपी, वेटरनरी साइंस, कंप्यूटर साइंस,लै ब टेक्नोलॉजी, लॉ, साइंस के अंतर्गत स्कॉलरशिप टेस्ट के माध्यम से प्रवेश ले सकते हैं। हरियाणा के विभिन्न जिलों रोहतक, भिवानी, रेवाड़ी, हिसार, झज्जर, फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम, पानीपत, कुरुक्षेत्र यमुनानगर, कैथल, दिल्ली आदि से विद्यार्थियों के पंजीकरण प्रतिदिन लगातार हो रहे हैं।

#### आकर्षक छात्रवृत्ति जीतने का मौका




विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं, जहां विद्यार्थियों के लिए सुव्यवस्थित परीक्षा केंद्र, सुरक्षा व्यवस्था तथा आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि यह स्कॉलरशिप टेस्ट विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिसके माध्यम से वे विभिन्न व्यावसायिक एवं रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों में प्रवेश के साथ-साथ आकर्षक छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह स्कॉलरशिप टेस्ट केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए एक ऐसा अवसर है जो सीमित संसाधनों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को संवारना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, कुशल एवं वैश्विक दृष्टिकोण से सशक्त बनाना है। संस्कारम विश्वविद्यालय का मुख्य उद्देश्य शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। यह स्कॉलरशिप टेस्ट उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विश्वविद्यालय का अत्याधुनिक परिसर, डिजिटल कक्षाएं, प्रयोगशालाएं, अनुसंधान केंद्र, पुस्तकालय एवं छात्रावास जैसी सुविधाएं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण प्रदान करती हैं। संस्कारम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित यह स्कॉलरशिप टेस्ट न केवल विद्यार्थियों के लिए अवसर का द्वार खोलेगा, बल्कि यह भी सिद्ध करेगा कि ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के छात्र भी उचित मार्गदर्शन और संसाधनों के माध्यम से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।

### खेत मजदूर संगठन ने यूपी में नजरबंदी को बताया अलोकतांत्रिक

- उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल को किया है नजरबंद

**बहादुरगढ़।** ऑल इण्डिया किसान खेत मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यवान तथा प्रदेश कमेटी सचिव जयकरण मांडौठी ने एआईयूटीयूसी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष कामरेड विजय पाल सिंह को उनके घर में नजरबंद रखने की निंदा की है। उन्होंने कहा कि त मा म मेहनतकशों को ऐसी मनमानी दमनात्मक कारवाई का विरोध करना चाहिए। उन्होंने बताया कि विजय पाल सिंह के नेतृत्व में एआईयूटीयूसी की ओर से राष्ट्रपति के नाम में एक ज्ञापन मुरादाबाद के उपायुक्त को सौंपना था। लेकिन इससे पहले ही योगी सरकार ने उन्हें वीरवार रात ही घर में नजरबंद कर दिया। यह जनता के न्यूनतम जनतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का शर्मनाक फासीवादी कदम है।


**बहादुरगढ़।** अपनी रिक्शा मिलने के बाद रवींद्र सैनी के साथ जगत।

# चालक से मारपीट कर ई-रिक्शा छीनी, पुलिस ने दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के मेन बाजार में कमेटी चौक के निकट गुरुवार देर शाम को विवाद हो गया। आरोप है कि यहां कार सवार दो लोगों ने टक्कर मारने का आरोप लगाते हुए ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट की और फिर उसकी रिक्शा लेकर चंपत हो गए। वारदात प्रवासी मूल के जगत के साथ हुई। मारपीट व रिक्शा छिने जाने से आहत होकर जब पीड़ित विलाप करने लगा तो बाजार में कुछ दुकानदार उसकी मदद के लिए आगे आए। जगत ने बताया कि वह कमेटी चौक से गुजर रहा था। पीछे से वैगनआर कार ने खुद टक्कर मारी और फिर मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी। रवींद्र सैनी आदि दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस हरकत में आई और आरोपियों को तलाश लिया। आरोपियों को फटकार लगाई गई। अपनी रिक्शा मिलने पर पीड़ित चला गया। उसने केस दर्ज नहीं करवाया।

## खबर संक्षेप

### एपीसीपीएल पावर प्लांट ने विशेष बच्चों के लिए लर्निंग कॉर्नर का किया उद्घाटन



**झज्जर।** स्थानीय सवेरा स्कूल में विशेष बच्चों की शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एपीसीपीएल पावर प्लांट की सखी लेडीज क्लब की वेलफेयर विंग ने एक नई पहल की है। इसके तहत स्कूल परिसर में एक विशेष रूप से तैयार किया गया लर्निंग कॉर्नर का उद्घाटन किया गया। जिसमें दीवारों को आकर्षक चित्रों और शैक्षणिक सामग्री से सजाया गया है। इस लर्निंग कॉर्नर में अक्षर, अच्छे व्यवहार की बातें और सप्ताह के दिनों जैसी जानकारी को सरल और रंगीन तरीके से प्रस्तुत किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों के लिए सीखने की प्रक्रिया को सहज, रोचक और समझने में आसान बनाना है। यह प्रयास विशेष बच्चों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, ताकि वे खेल-खेल में सीख सकें। कार्यक्रम का उद्घाटन सखी लेडीज क्लब की अध्यक्षा ममता कैबोर्ता ने किया। उन्होंने कहा कि यह पहल बच्चों के लिए एक सकारात्मक और सहायक माहौल तैयार करने की दिशा में एक प्रयास है। इससे उनके सीखने की क्षमता को बढ़ावा मिलने और दैनिक जीवन को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का कराया अभ्यास



**झज्जर।** गुरु गोरखनाथ राजकीय बहुतकनीकी संस्थान की एनएसएस इकाई द्वारा शुक्रवार को छात्रावास परिसर में योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। योग सत्र की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत संबोधन के साथ हुई। योगाचार्य जगदीश सहवाग द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान तकनीकों का अभ्यास करवाया गया। उन्होंने विशेष रूप से सूर्य नमस्कार एवं शीर्षासन के महत्व पर बल देते हुए उनके नियमित अभ्यास के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने योग को एक वैज्ञानिक पद्धति बताते हुए कहा कि योग हमें परोपकार, संतुलन, धैर्य, एकाग्रता और स्थिरता का संदेश देता है। राष्ट्र धर्म को सर्वोपरि बताते हुए उन्होंने कहा कि राष्ट्र ही हमारी आन-बान-शान, स्वाभिमान और पहचान है।

### नारी शक्ति वंदन पर चलाया हस्ताक्षर अभियान




**झज्जर।** केंद्र सरकार द्वारा लाए जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिले भर में महिलाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। महिला संगठनों द्वारा शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। महिला विकास निगम की पूर्व चेयरपर्सन सुनीता चौहान ने बताया कि स्थानीय निकायों के बाद अब विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं की आरक्षित भागीदारी सुनिश्चित होने से नीति निर्धारण में जमीनी स्तर के अनुभवों का समावेश होगा जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ बनेगी। वहीं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोमवती जाखड़ ने कहा कि जो महिलाएं घर का बेहतर प्रबंधन कर सकती हैं वे देश के शासन को भी नई दिशा देने की क्षमता रखती हैं और इस अधिनियम ने प्रत्येक गृहिणी के आत्मसम्मान को बढ़ाने का कार्य किया है। डॉक्टर अनिता धनखड़ ने इसे शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के लिए क्रांतिकारी कदम बताया।

### जांच शिविर का 74 लोगों ने उठाया लाभ

**झज्जर।** स्थानीय बेरी गेट क्षेत्र स्थित ब्रहमाकुमारी आश्रम में निशुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोनिका द्वारा आयुर्वेदिक पद्धति से रोगों का निदान करते हुए चिकित्सा की गई और पूजा फार्मासिस्ट आयुर्वेद द्वारा निशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां वितरित की गईं। कैंप में जांच किए गए रोगियों को रोग अनुसार योगाभ्यास करवाया गया। चिकित्सीय टीम ने एनसीडी अर्थात जीवन शैली से उत्पन्न होने वाले रोग जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, थायराइड, जोड़ों की समस्याएं आदि के विषय में जानकारी देते हुए जीवन शैली में उपयोगी बदलाव करने एवं प्रतिदिन योग का अभ्यास तथा प्राणायाम करने के लिए उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में कुल 74 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान आयुष योग सहायक सुरेंद्र, बबली, योगा इंस्ट्रक्टर सीमा, डॉक्टर बीके भावना बहन, पूनम बहन, रानी, अंजू सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**सूचना**

मैं, जय भगवान पुत्र बलराज सिंह निवासी गांव बामनौली, तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू व पुत्रवधु नीति पुत्री श्री सतबीर मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र सोनू व पुत्रवधु नीति व इनके बच्चों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करत हूं। इनसे कोई भी किसी तरह का लेन देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा इसमें मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, रामपाल सिंह पुत्र श्री किशोरी लाल निवासी मकान नंबर-6/43, गली नंबर-2, जौहरी नगर, लाइनपार, बहादुरगढ, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने सुनने से बाहर है और मैं उससे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। राहुल अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उससे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

हम, श्रीपाल पुत्र स्व. धारा सिंह व सुदेश पत्नी श्रीपाल निवासीयान गांव कानोंदा, तहसील बहादुरगढ, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करते हैं कि हमारा पुत्र मोहित व पुत्रवधु मोनिका हमारे कहने सुनने से बाहर हैं और हम उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करते हैं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मोहित व उसकी पत्नी मोनिका अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। हमारा व हमारे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

# Elenta Mart

A PERFECT HYPERMARKET

ON ALL MRP 6% OFF

UPTO 80% OFF

## SUPER DEAL OF THE WEEK

ON SHOPPING OF ₹2999 & ABOVE JUST ₹1 — 1 KG SUGAR

*T&C APPLY Only one offer can be claimed per bill.

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE FREE — 1 LTR

*T&C APPLY Only one offer can be claimed per bill.

18 April to 03 May

ROHTAK · BAHADURGARH · JHAJJAR · SAMPLA · GOHANA · KARNAL · SONIPAT · HISAR · BHIWANI

- COCA / SPRITE/ FANTA / LIMCA 2LTR — ₹79
- REAL MASALA JUICE / COCONUT WATER 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- LAHORI ZEERA 24 PCS — MRP - ₹240 — ₹190
- MANGO SIP 1LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- FRESCA — BUY 1 GET 3 FREE
- RED BULL — MRP - ₹125 — ₹99
- HURRICANE ENERGY DRINK (250 ml) — BUY 1 GET 1 FREE
- BUDWEISER NON ALCOHOLIC — BUY 1 GET 2 FREE
- AMUL TOMATO KETCHUP — BUY 1 GET 1 FREE
- GM POHA(500G) — BUY 1 GET 1 FREE
- MCCAIN 1.2KG — BUY 1 GET 1 FREE
- BREGANO PASTA ALL VARIANTS — BUY 1 GET 1 FREE
- BEANUT PEANUT BUTTER 1 KG — BUY 1 GET 1 FREE
- UNIFIT MUESLI HONEY & STRAWBERRY — BUY 1 GET 2 FREE
- SATMOLA NAMKEEN — BUY 1 GET 1 FREE
- HALDIRAM NAMKEEN — 12.5% OFF ON MRP
- MARVEL PREMIUM TEA 250GM / 1KG — BUY 1 GET 1 FREE
- 24 MANTRA MUSTARD OIL 1 LTR ML — BUY 1 GET 1 FREE
- 24 MANTRA ATTA 5KG — BUY 1 GET 1 FREE
- Fortune atta ( 10 kg ) — MRP - ₹485 — ₹415
- PATANJALI ATTA 10KG — MRP - ₹480 — OUR PRICE ₹399
- AASHIRVAAD ATTA 10KG — MRP - ₹499 — OUR PRICE ₹439
- TATA TEA PREMIUM 1 KG — MRP - ₹480 — ₹329
- DAAWAT ROZANA GOLD BASMATI RICE 5 KG — MRP - ₹600 — ₹399
- MUSCLEBLAZE — UPTO 40% OFF ON MRP
- PRO NATURE MAKHANA — BUY 1 GET 1 FREE
- RAJDHANI BESAN 1 KG — MRP - ₹150 — ₹87
- LOOSE SUGAR 5 KG — OUR PRICE ₹230
- PATANJALI COW GHEE 900ML — MRP - ₹731 — ₹675
- PREET LITE — MRP - ₹451 — ₹309
- ARIEL MATIC LIQUID DETERGENT 4KG (FRONT LOAD / TOP LOAD) — 33% OFF ON MRP
- TIDE DETERGENT 10KG — MRP - ₹1179 — OUR PRICE ₹769
- SAFE WASH MATIC TOP LOAD 2LTR — BUY 1 GET 1 FREE
- COMFORT 2 LTR IMPORTED — BUY 1 GET 1 FREE
- WIPRO SAFE WASH MATIC LIQUID 1LTR — BUY 1 GET 2 FREE
- CLEAN & CLEAR FACEWASH 240 ML — BUY 1 GET 1 FREE

**Rohtak, Bus Stand**
Bus Stand Rd, adjacent to D2M Hotel, near New, Vikas Nagar, Rohtak
Contact: +91-8199999480

**Rohtak, Model Town**
NEAR APEX HOSPITAL Model Town, Rohtak
Contact: +91-9350999480

**Karnal**
Meerut - Karnal Rd, near Devilal Park, Rajinder Nagar, Sector 14, Karnal
Contact: +91-90530 86555

**Dighal**
Sampla Beri Road, Dighal.
Contact: +91-7419202127

**Bahadurgarh**
Ammarta Arcade Mall, Opposite Metro Pillar No. 816, Bahadurgarh.
Contact: +91-9992296899

**Sampla**
Elenta Mart,Old Delhi Road, Opposite Beri Mod, Sampla.
Contact: +91-8930062800

**Gohana**
Elenta Mart, Old Bus Stand Road, Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

**Jhajjar**
W9 Shop No. 771, Bhagat Singh Chowk, Jhajjar.
Contact: +91-8750187531

**Sonipat**
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur, Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

**Zirakpur**
Opera Garden Complex, Kishanpura (near Sector 20, Dhakoli)
Contact: +91-89300 79600

**Hisar**
Tower Enclave, Jindal Chowk opposite HDFC Bank, Hisar
Contact: +91-9896938427

**Bhiwani**
Meham Gate, opposite Saini Juice, Bhiwani, Haryana.
Contact: +91 99960 31240

**UPCOMING BRANCHES**
Mohali · Ghaziabad · Pinjore · Sirsa · Panipat · Narnaul · Jind · Rewari

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

Payment Accepted

*T& C.APPLY

*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.